Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार — सच का साथी — दिनांक 22-05-2022 अंक 232

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# पेट्रोल 9.5 और डीजल 7 रुपए हुआ सस्ता, गैस सिलेंडर पर भी 200 रुपए की सब्सिडी, लोगो को मिली राहत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

महंगा पेट्रोल – डीजल से परेशान जनता के लिए एक अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क में बड़ी कटौती करने का फैसला किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने खुद ट्वीट करते हुए कहा है की पेट्रोल पर 8 रुपए की कटौती की जायेगी और डीजल पर 7 रुपए उत्पाद शुल्क हटाया जाएगा। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद पेट्रोल अब पेट्रोल 9.5 रुपया सस्ता हो गया है। वहीं डीजल भी 7 रुपया लीटर सस्ता हो गया है। सरकार के इस फैसले से सरकारी खजाने में करीब एक साल में लगभग एक लाख करोड़ का अधिक बोझ बढ़ेगा, वहीं केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों से अपील किया है की वह भी वैट में कटौती करे ताकि लोगो को बढ़ती पेट्रोल और डीजल के दामों से राहत मिल सके। साथ ही 9 करोड़ लाभार्थियों को भी गैस सब्सिडी देने का फैसला किया गया है। केंद्र सरकार ने कहा है की वह प्रति गैस सिलेंडर पर 200 रुपया का सब्सिडी देगा। इसके बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने ट्वीट करते हुए जानकारी दिया की सरकार के इस फैसले से करोड़ों बहनों एवं माताओं के चेहरे पर खुशी आएगी। लेकिन सरकार पर इससे सालाना 6100 करोड़ का अधिक बोझ बढ़ेगा। जनता काफी दिनों से महंगाई से त्रस्त है।

**पेट्रोल डीजल, एवं घरेलू गैस के दाम घटने से बरहीवासियों में खुशी**







पेट्रोल और डीजल के बढ़े दामों से त्रस्त जनता को केंद्र सरकार ने शनिवार को अचानक राहत दे दी। केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर 9.5 रुपया और डीजल पर 7 रुपए एक्साइज ड्यूटी को कम करने का ऐलान के बाद बरहीवासियों ने राहत की सांस ली है। बरही वासियों ने कहा की लगातार बढ़ते पेट्रोल और डीजल की दाम को घटाकर राहत दे दी है।

**केंद्र सरकार का फैसला ऐतिहासिक : कपिल प्रसाद केशरी**



कपिल प्रसाद केशरी

अपेम के मुख्य संरक्षक सह व्यवासियक मंडल के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस के मूल्यों में हुई कटौती को ऐतिहासिक बताया साथ ही कहा की सरकार के इस फैसले से लोगो को महंगाई से राहत मिलेगी। और इस सराहनीय कार्य के लिए केंद्र सरकार धन्यवाद के पत्र है।

**पेट्रोल डीजल एवं घरेलू गैस के मूल्यों में कटौती करने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने केंद्र सरकार का जताया आभार**



मनोज यादव

पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की १ इस चुनौतीपूर्ण वैश्विक स्तिथि में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाकर व गैस सिलेंडर पर 200 रुपए की सब्सिडी देकर आम जनता को बड़ी राहत दे दी है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की सरकार के इस निर्णय से मध्यमवर्गीय को लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने इस जन हितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री श्री मति निर्मला सीतारमन का आभार व्यक्त किया है।

**केंद्र सरकार का फैसला देश के गरीबों के प्रति सकारात्मक : डॉ अनिल कुमार**



डॉ अनिल कुमार

डीज़ल पेट्रोल के दामों में कल से केंद्र सरकार ने जो कमी की है निश्चित रूप से यह आम जनता के लिए राहत भरी खबर है क्योंकि एक दिहाड़ी मजदूर से ले कर रोजगार की तलाश में भटकता नौजवान भी पेट्रोल से चलने वाली दुपहिए का सहारा लेता है। हमारी पूरी अर्थव्यवस्था ही पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भर है और सरकार को इनके दर में इज़ाफ़ा आखरी विकल्प के तौर पर ही करना चाहिए।विगत दो माह से पेट्रोल –डीज़ल के दर में लगातार इजाफा होने से महंगाई चरम पर पहुँच रही थी और निम्न मध्यम वर्ग बुरी तरह से प्रभावित हो रहा था। आम तौर पर ये देखने मे आ रहा था कि चुनाव के वक्त में ही पेट्रोल डीज़ल के दाम कम किये जा रहे थे लेकिन अभी कहीं चुनाव नही होने जा रहे हैं, तो ऐसे में केंद्र सरकार का ये कदम स्वागत योग्य है और लगता है कि सरकार महंगाई कम करने के लिए गंभीर दिख रही है।

**सरकार के इस सराहनीय कदम से गरीब गुरबा को मिलेगा लाभ : बीरेंद्र कुमार**



बीरेंद्र कुमार

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के युवा समाजसेवी बीरेंद्र कुमार ने बताया की केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस के मूल्यों पर कटौती करने से गांव के वैसी महिला जो गैस की महंगाई से गैस सिलेंडर का इस्तेमाल नहीं कर पा रही थी। अब वह भी आसानी से इसका इस्तेमाल कर सकती है। केंद्र सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से महिलाओं के चेहरे में फिर से खुशियां लौट आई है।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

# सर्पदंश से महिला की हुई मौत, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने जताया शौक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत मल. कोको पंचायत के पडरिया निवासी नीतू देवी उम्र 28 वर्ष पति संतोष प्रसाद की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को मृतक महिला अपना मकई का खेत गई हुई थी। जहां विषैला सांप ने उसे डंस लिया। जिससे वह गंभीर हो गई थी। वहीं इलाज के लिए हजारीबाग स्थित आरोग्यम ह०स्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उनका मौत हो गया। इस बात की सूचना मिलते ही पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे और मृतक के परिजनों का ढांढस बंधाया। मौके पर खगेंद्र प्रसाद, पियारी प्रसाद, मो अख्तर, मो मुस्तकीम, नारायण प्रसाद, प्रयाग प्रसाद, अरविंद कुमार, बाबूचंद प्रसाद सहित गांव के दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।




APEM LIVE NEWS सच का साथी

# दो बाइक के टक्कर में आर्मी जवान हुआ घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



चौपारण प्रखंड अंतर्गत पांडेयबारा सिरमा निवासी संजय कु यादव उम्र 25 वर्ष पिता काली यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कु यादव आर्मी के जवान है, संजय कुछ निजी काम से अपने गांव से बाजार जा रहे थे। इसी क्रम में तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया, जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उन्हें आनन फानन में बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE

APEM LIVE

# चाणक्य आईएएस एकेडमी में अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के नए बैच की शुरुआत 25 मई से

## इस कोर्स के तहत यूपीएससी व जेपीएससी की परीक्षा संबंधित कराई जाती है संपूर्ण तैयारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग। स्थानीय कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में यूपीएससी व जेपीएससी के परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अपग्रेडेड फा. उंडेशन कोर्स के नए बैच की शुरुआत आगामी 25 मई से की जाएगी। उक्त जानकारी संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी में यूपीएससी की संपूर्ण तैयारी के लिए 3 वर्षीय अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स संच. ालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूपीएससी अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स में पहले वर्ष विद्यार्थियों को बेसिक पढ़ाई जाती है और आधार मजबूत किया जाता है। दूसरे वर्ष पाठ्यक्रम की संपूर्ण तैयारी और तीसरे वर्ष रिविजन के साथ साथ सफलता के बारीकियों पर फोकस किया जाता है, ताकि पहले ही प्रयास में सफलता पाई जा सके। साथ ही उन्होंने बताया कि 10+2 पास सभी संकाय (कला, वाणिज्य, विज्ञान) के विद्यार्थी अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स में नामांकन करा सकते हैं। बताते चलें कि प्रारंभिक परीक्षा से लेकर मेंस और साक्षात्कार की तैयारी, संस्थान में विषय विशेषज्ञों के माध्यम से कराई जाती है। श्रीमति मिश्रा ने बताया कि डिजिटल बोर्ड के माध्यम से स्मार्ट क्लास रूम मुहैया कराए जाने के साथ साथ उन्नत लाइब्रेरी, राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ शिक्षक व अनुकूल वातावरण विद्यार्थियों को संस्थान में प्रदान किया जाता है।

# जय प्रकाश नारायण, केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग में कैदियों के लिए विशेष योग-सत्र का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

२२मई, हबाग।कारा निरीक्षणालय,गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार एवं व्यक्ति विकास केन्द्र भारत,द आर्ट अ०फ लि. विंग हजारीबाग इकाई के संयुक्त तत्वावधान में जय प्रकाश नारायण, केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग में काराबंदियों के लिए आठ दिवसीय विशेष योग शि. विर श्प्रीजन स्मार्ट कोर्स फोर इनमेट्सश का शुभा. रंभ किया गया। इस कोर्स के अन्तर्गत कैदियों में सकारात्मक परिवर्तन लाने पर कार्य किया जाता है ताकि जीवन के प्रति उनका दृ ष्टिकोण बदले और बाहर आने पर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सकें। कैदियों में भावनात्मक नियंत्रण मानसिक सुधार योग, प्राणायाम,योग निद्रा और सुदर्शन क्रिया के माध्यम से किये जाते हैं।क्रोध पर नियंत्रण,आपसी प्रेम और सहयोग, रचनात्मक कार्यों में रूचि, मानसिक तनाव से मुक्ति आदि इस कार्यशाला की विशेषताएं हैं। शिविर का उद्घाटन करते हुए काराधीक्षक कुमार चन्द्रशेखर ने जेल परिसर में इस तरह के कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लगातार चलाये जाने की आवश्यकता है।वहीं काराधीक्षक बबलू गोप ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से कैदियों के स्वास्थ्य में सुधार,नींद नहीं आने शिकायत, मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है एवं यहां से जाने के पश्चात् कैदी लोग समाज के साथ एवं स्वयं के साथ एक अच्छा जीवन व्यतीत कर सकें इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला का आयोजन में दि आर्ट अ०फ लिविंग के योग प्रशिक्षक तारकेश्वर सोनी,प्रमोद कुमार सिन्हा एवं वोलंटियर आयुष राज अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# मृतक बिरेन्द्र सिंह मामले में डीसी से मिले पूर्व विधायक, सरकारी नौकरी का किया माँग

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय से मिलकर ककरौला में घटित घटना से अवगत कराया। पूर्व विधायक ने कहा कि निंदनीय घटना है। पूर्व विधायक ने डीसी को बताया कि मृतक बीरेंद्र सिंह अपने परिवार से एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति थे। बेसहारे हुए बिरेन्द्र सिंह के परिजनों को तत्काल सहयोग की जरूरत है। बीरेंद्र सिंह की हत्या एक सुनियोजित तरीके से किया गया है जिससे घटना के प्रति लोगों में आक्रोश है। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पूर्व विधायक डीसी से मृतक के पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति को अविलब सरकारी नौकरी देने का माँग किया ताकि बिरेन्द्र सिंह के परि. जनों का भरण पोषण हो सके। पूर्व विधायक ने पडरिया सहित आसपास के लोगों से शान्ती पूर्ण माहौल बनाये रखने का आग्रह किया। पूर्व विधायक ने कहा कि हम सबको कानून पर भरोशा रखना चाहिए, कानून निष्पक्षता से कार्य करते हुए बिरेन्द्र सिंह हत्याकांड मामले में संलिप्त आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजे। मालूम हो कि बीते दिन पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दिया था व घायलो से मिलकर घटना के संदर्भ में जानकारी लिया था।

# आज तीसरा चरण का थमा शोर,उम्मीदवार अब होंगे डोर टू डोर

## अब प्रत्याशी लगाएंगे वोटरों के दरवाजे की चक्कर

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**





त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर गहमागहमी का माहौल पूरे प्रखंड में देखा जा रहा है। रविवार को संध्या 3:00 बजे सभी उम्मीदवारों के द्वारा किए जा रहे चुनाव प्रचार एकाएक थम गया। चुनाव प्रचार थमते ही शोर-शराबे की बाजार ठंड पड़ गई ।वही प्रत्याशी अभी भी गर्म माहौल किए हुए हैं। और मतदाताओं को रिझाने के लिए प्रत्येक दरवाजे पर चहलकदमी करते नजर आ रहे है। प्रखंड के सभी पदों पर चुनाव लड़ने वाले प्रतिनिधियों ने आज अंतिम दिन अपना अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाएं। शक्ति प्रदर्शन में कोई मोटरसाइकिल रैली तो कोई पदयात्रा कर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के हथ. कंडे अपनाते नजर आए। सबसे ज्यादा दिलचस्प कान्हाचट्टी प्रखंड में जिला परिषद की सीट को लेकर रहा जिला परिषद की सीट को लेकर जहां शनिवार को बिरजू तिवारी 3500 मोटरसाइकिल रैली को लेकर घूमे वही रविवार को जिला परिषद उम्मीदवारों ने भी ताबड़तोड़ रैलियां की और मतदाताओं को अपनी ओर हर संभव आकर्षित करने का प्रयास किया। वहीं मुखिया उम्मीदवारों ने भी जमकर पदयात्रा एवं मोटरसाइकिल रैली निकाली ।प्रखंड के चिरिदिरी पंचायत में मुखिया उम्मीदवार मीना देवी बसंत सिंह सुरेश सिंह एवं अन्य उम्मीदवारों ने भी ताकत झोंकी।वही राजपुर पंचायत से संतोष कुमार वर्मा, विकास कुमार उर्फ छोटू सिंह सहित अन्य उम्मीदवारों ने मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए तरह-तरह की हथकंडे अपनाते हुए लोगों को हाथ जोड़कर विनती करते नजर आए। वहीं जिला परिषद के लिए मतदाताओं के ओर से कहना है कि सबसे भारी बिरजू तिवारी उर्फ बुल्डोजर बाबा वर्तमान समय में सबसे भारी है ।बिरजू तिवारी को प्रखंड के हर समाज हर तबके के लोग के लिए चहेते बने हुए हैं।वहीं बिरजू तिवारी ने कहा कि हमारा जीत जनता को समर्पित होगी।

# नहाने के दौरान तालाब में डूबने से एक युवक की मौत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मृतक मो जाहिर अंसारी



इसी तालाब में डूबने से हुई यूवक की मौत

गौरियाकर्मा पंचायत के रो. हनिया टांडनिवासी 19 वर्षीय युवक मो जाहिर अंसारी पिता जहांगीर अंसारी की मौत नहाने के दौरान तालाब में डूबने से हो गई। जानकारी के मुताबिक मो जाहिर अपने अन्य चार दोस्तों के साथ बिचकिला के कोट्वा तालाब में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह गहरा पानी मे चला गया। जिसके बाद वह उसी में डूब गया। अन्य दोस्त कुछ समझ पाते तब तक वह पानी के नीचे चला गया। उसको डूबता देख अन्य दोस्त गांव वालों को सूचित किया। स्थानीय गोताखोरों ने लगभग एक घण्टे के काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला जा सका। मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम भी घटना स्थल पर पहुंचे और शव को बरही भि. जवाया। बरही पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए हज़ारीबाग़ भेज दी। घटना पर मुखिया कुमारी मीरा समाजसेवी दुलार यादव, प्रकाश प्रजापति , मनोज कुमार,परमेश्वर यादव आदि ने दुख जताया।

# कान्हाचट्टी प्रखण्ड की 46626 मतदाता

## पांच जीप उम्मीदवारों संग हरेक पंचायत के उम्मीदवारों के भाग्य को पिटारा में बंद करेंगे किस्मत

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




कान्हाचट्टी प्रखण्ड प्रखंड के 127 मतदान केंद्रों पर 24 मई को वोट पड़ेंगे इन 127 मतदान केंद्रों पर 46626 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे ।जिसमे 24485 पुरुष एवं 22141 महिला मतदाता अपना मत का प्रयोग करेंगे ।यह मतदाता पांच जिला परिषद उम्मीदवार सहित सभी 10 पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों का भाग्य को पिटारा में बंद करेंगे। इन 127 मतदान केंद्रों पर मतदान की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन इसके लिए सभी क्लस्टर एवं सेक्टरों तक कर्मियों को पहुंचाने रखने की सारी सुविधा मुहैया कराई है ।बताते चलें कि प्रखंड के बेंगोकला कोल्हैया एवं तुलबुल पंचायत के कुछ मतदान केंद्र संवेदनशील भी हैं।

VECTOR CLASSES
Vector Classes
7717777833
7070459803
Hazaribag Road, Barhi
Competitive Classes
Faculties:
•Krishna Rana (JPSC Qualified)
•Rajesh Yadav (Expert Teacher)
•Suraj Gupta (CAT Qualified)
Admission Open
Specialized in Banking | SSC | Railway | JPSC | other State level Examinations

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरेन्द्र सिंह हत्याकांड के आरोपी, विधायक प्रतिनिधि बालकिसुन यादव गिरफ्तार, जेल

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पडरिया पंचायत के ककरौला गाँव मे हुए हिंसक झड़प में मृतक बिरेन्द्र सिंह के मौत मामला अब तूल पडकने लगा है। आरोपियों को गिरफ्तारी की माँग को लेकर लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। चौपारण थाना में दर्ज कांड संख्या 133/22 धारा 147/148/149/341/323/307 के तहत त्वरित कार्यवाई करते हुए हजारीबाग एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते एसआ. ईटी टीम गठित कर दिया है। टीम का कमान सीसीआर डीएसपी आरिफ एकराम, यातायात इंस्पेक्टर रामनारायण सिंह व सर्किल इंस्पेक्टर रोहित सिंह को सौंपा गया है। टीम ने त्वरित कार्यवाई करते हुए हत्या के मुख्य आरोपी विधायक अकेला यादव के अंचल विधायक प्रतिनिधि बालकिसुन यादव को बरही प्रखण्ड के गौरियाकरमा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डीएसपी एकराम ने बताया की मामले का गंभीरता पूर्वक जाँच पड़ताल जारी है। अन्य नामजत आरोपियो का खोजबीन जारी है। मालूम हो कि पडरिया पंचायत से नव निर्वाचित मुखिया पप्पू रजक के स्वागत समारोह में दो पक्षो में हुए हिंसक मारपीट में पडरिया निवासी बिरेन्द्र सिंह का मौत हो था व अन्य चार लोग घायल हो गये थे।

## जिप प्रत्याशी गंगिया देवी ने अंतिम दिन झोंकी ताकत

## क्षेत्र के लोगों का मिल रहा जबरदस्त समर्थन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




गंगिया देवी के समर्थन में शामिल ग्रामीण

विष्णुगढ़ पश्चिमी सीट के जिप प्रत्याशी गंगिया देवी ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने क्षेत्र के नवादा, गो. विन्दपुर, बकसपुरा, कुसुंभा, चेडरा, विष्णुगढ़, भेलवारा तथा खरना में चुनाव प्रचार कर मतदान करने की अपील की। कहा कि मैं और मेरे पति हमेशा समाजसेवा के क्षेत्र में रहे हैं। हरेक वर्गो के सुख दुख के सहभागी बने हैं। अमीर-गरीब, उंच-नीच, जात-पात से उपर उठकर काम होगा। आप हमें वोट देकर अपना आशीर्वाद दें। क्षेत्र का विकास जो पहले कभी नहीं हुआ वो कर दिखाएंगे। विष्णुगढ़ पश्चिमी क्षेत्र में विकास की गंगा बहा देंगे। कहा कि क्षेत्र के हर जाति-धर्म एवं समुदाय का समर्थन मिल रहा है। प्रत्याशी ने घर-घर जाकर बड़े-बुजुर्ग, महिला-पुरूष एवं युवाओं से बढ़-चढ़कर पक्ष में मतदान करने को कहा। मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य प्रत्याशी यशोदा देवी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




जिप प्रत्याशी यशोदा देवी

विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य प्रत्याशी यशोदा देवी ने बेड़ाहड़ियारा, करगालो, अचलजामो, सिरय, बराय, बनासो, नावाटांड़ आदि जगहों में जनसम्पर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि मेरे पिछले पांच वर्षो के कार्यकाल को आपने देखा है। जी जान लगाकर जनता की सेवा की हूं। कोरोना काल मे भी जरूरतमन्दों के घर घर जाकर हमने जनता की समस्याओं को दूर करने की कोशिस की है। मेरे काम को देखकर आप मुझे चुने।पलायन रोकने की दिशा में काम करूँगी। लोग रोजी रोटी की तलाश में अन्य प्रदेश जाते है। यही रोजगार की समुचित व्यवस्था की जाएगी। मं. हलाओ को महिला समूह बनाकर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।ताकि महिलाएं स्वा. बलंबी बनकर जी सके।

## जिप प्रत्याशी चंद्रनाथ भाई पटेल ने अंतिम दिन झोंकी ताकत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



चंद्रनाथ भाई पटेल

विष्णुगढ़ पूर्वी सीट के जिप सदस्य प्रत्याशी चंद्रनाथ भाई पटेल चुनाव प्रचार ने अंतिम दिन पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने क्षेत्र के गाल्होबार, चानो, नरकी, खरकी, जोबर, मड़मो तथा नागी में चुनाव प्रचार कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि मैं काफी लंबे समय से क्षेत्र में समाजसेवा किया हूं। मेरी पृष्ठभूमि एक आंदोलनकारी की रही है। मैं हमेशा हरेक वर्गो के सुख दुख के सहभागी बना हूं। कहा कि अमीर-गरीब, उंच-नीच, जात-पात से उपर उठकर काम होगा। आप हमें वोट देकर अपना आशीर्वाद दें। क्षेत्र का विकास जो पहले कभी नहीं हुआ वो कर दिखाएंगे। विष्णुगढ़ पूर्वी क्षेत्र में विकास की गंगा बहा देंगे। कहा कि क्षेत्र के हर जाति-धर्म एवं समुदाय का समर्थन मिल रहा है। प्रत्याशी ने घर-घर जाकर बड़े-बुजुर्ग, महिला-पुरूष एवं युवाओं से बढ़-चढ़कर पक्ष में मतदान करने को कहा। मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ पश्चिमी जिप सदस्य गायत्री देवी ने मतदाताओं से मांगे वोट

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



जिप प्रत्याशी गायत्री देवी

विष्णुगढ़ पश्चिमी जिप सदस्य उम्मीदवार गायत्री देवी ने विष्णुगढ़ , चेडरा , गोविंदपुर, भेलवारा ,खरना समेत विभिन्न पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं और मेरे पति काफी लंबे समय से समाज सेवा के क्षेत्र में आपलोगों से जुड़ा हुआ हूं। इसी का नतीजा है कि मुझे इस पंचायत चुनाव में हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है।यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो अपने क्षेत्र के सभी आठ पंचायतों का सर्वांगीण विकास करने का काम करूँगी। मैं जनता के लिए सर्वसुलभ हूँ। हमारी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी एक आंदोलनकारी परिवार से रही है।जनता के हरेक समस्याओं का निदान करने का काम करुंगी।

## नकुल कुमार ने जनसंपर्क अभियान चलाया लोगों से एक बार मौका देने की अपील की

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : पश्चिमी पंचायत के युवा एवं कर्मठ उम्मीदवार नकुल कुमार महतो ने जनसंपर्क अभियान में अपनी ताकत झोंक दी है। अशोकनगर, विधायक मोहल्ला, हुरलंग बागी नटराज नगर के अलावा अन्य क्षेत्रों में नकुल के समर्थक बैटिंग कीट पहनकर डोर टू डोर जाकर लोगों से बल्लेबाज छाप क्रमांक संख्या 3 पर वोट देने की अपील कर रहे हैं । नकुल ने कहा कि मैं चुनाव जीतकर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार दूर करूंगा ईमानदारी एवं सेवा भावना के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बताओ मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मुकेश कुमार पटेल, विक्रम कुमार, उमेश कुमार, राहुल कुमार ,नवल कुमार, देव कुमार, शिवकुमार ,तिलेश्वर कुमार ,लीलावती, टुसू कोरी ,प्रवीण कुमार, विकास कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## मुखिया प्रत्याशी शीला देवी ने समर्थकों संग चलाया जनसंपर्क अभियान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



मुखिया प्रत्याशी शीला देवी के समर्थन में मौजूद महिलाएं

विष्णुगढ़ प्रखण्ड के अचलजामो पंचायत के मुखिया प्रत्याशी शीला देवी ने पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगो से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मेरा विजन पंचायत का बिना भेदभाव के समुचित विकास करना है। पंचायत में विकास का जो काम अब तक नहीं हुआ वो कर दिखाएंगे। कहा कि पूरा पंचायत महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनेगा। आप मुझे मौका दें। जरूरतमन्दों को प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, राशनकार्ड के लिए भटकना नही पड़ेगा। पंचायत सचिवालय में बैठकर लोगां का समस्या का समाधान करूंगी। अचलजामो में शुद्ध पेयजलापूर्ति की आप. ूर्ति सुनिश्चित किया जायगा। उन्होने पंचायत के कई गांव-टोलों में अपने समर्थकों के साथ घूम-घूमकर वोट मांगी। उनके साथ बड़ी संख्या में महिला पुरूष समर्थक मौजूद थे।

## अनीता देवी ने पश्चिमी पंचायत के कई गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया, मांगा वोट

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव पश्चिमी पंचायत मुखिया प्रत्याशी अनीता देवी ने अपने समर्थकों के साथ पंचायत अंतर्गत कई गांव में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर। घर घर जाकर मतदाताओं से मिली एवं अपने पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान क्रमांक संख्या एक चुनाव चिन्ह सेव छाप पर वोट देकर विजय बनाने की अपील की है। मौके पर अनीता देवी ने कहीं की बीते 5 वर्षों तक पश्चिमी पंचायत के प्रत्येक जरूरतमंद को आवास व हर गली में पक्की सड़क बनवाने का काम की हूं। आगे चुनाव जीतने के बाद भी किसी गरीब का कच्चा मकान नहीं रहेगा हर किसी को पक्का मकान मुहैया कराई जाएगी। पंचायत का संपूर्ण विकास होगा मूलभूत समस्या दूर कराई जाएगी।

## मुखिया प्रत्याशी अंजू देवी को मिल रहा अपार जनसमर्थन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ के सिरैय पंचायत के मुखिया प्रत्याशी अंजू देवी ने चुनाव प्रचार ने अंतिम दिन पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने अपने पंचायत के कई गांव-टोलों में चुनाव प्रचार कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने सेव छाप पर वोट देने की अपील की। कहा कि मैं और मेरा परिवार हमेशा हरेक वर्गो के सुख दुख के सहभागी बना हूं। कहा कि अमीर-गरीब, उंच-नीच, जात-पात से उपर उठकर काम होगा। आप हमें वोट देकर अपना आशीर्वाद दें। क्षेत्र का विकास जो पहले कभी नहीं हुआ वो कर दिखाएंगे। सिरैय पंचायत में विकास की गंगा बहा देंगे। कहा कि क्षेत्र के हर जाति-धर्म एवं समुदाय का समर्थन मिल रहा है। प्रत्याशी ने घर-घर जाकर बड़े-बुजुर्ग, महिला-पुरूष एवं युवाओं से बढ़-चढ़कर पक्ष में मतदान करने को कहा। मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित एडिटर: सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार

## जिप सदस्य प्रत्याशी गायत्री देवी ने झोंकी ताकत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




वोट की अपील करती जिप सदस्य प्रत्याशी

विष्णुगढ़ पश्चिमी जिला परिषद सदस्य उम्मीदवार गायत्री देवी ने अपने चुनाव कार्यालय बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के मेन गेट आवासीय कार्यालय से विष्णुगढ़ पंचायत एवं चेडरा पंचायत होते हुए भारी संख्या में महिला -पुरूष, युवा ने पैदल गायत्री देवी, क्रम संख्या- 01 एयरकंडीशनर (ब) छाप के समर्थन में नगर भ्रमण किया ।

रैली में गायत्री देवी के समर्थन में गायत्री देवी जिन्दाबाद, विष्णुगढ़ पश्चिमी की जनता जिन्दाबाद, एयरकंडीशनर छाप जिन्दाबाद के नारों से वातावरण गूँज रहा था । रैली के पश्चात पूर्व जिला परिषद सदस्य उम्मीदवार गायत्री देवी ने कहा कि धनबल एवं छल कपट की नही चली। इतने भारी संख्या में जनसमर्थन से वि. रोधियों की नींद उड़ गई है । 41 -42 डिग्री की भीषण गर्मी मैं जनता ने कदम से कदम मिलाकर जो साथ एवं विश्वास दिखया इसके लिए मैं दिल से सभी जनता का धन्यवाद करती हूँ । मैं जहाँ भी अपने क्षेत्र में गई लोगो ने बदलाव की बात कही । मेरी पुनः आप सबो से अपील है,कि आप किसी के बहकावें, लालच में ना आएं अपने क्षेत्र के समुचित विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर क्रम संख्या 01 एयरकंडीशनर छाप में अपना मतदान करें। स्वच्छ एवं साफ सुथरी छवि के प्रत्याशी का चयन करें । मेरा अपने वक्तव्य अंत मे आप सबो से आग्रह है ये पंचायत चुनाव मेरा आखिरी चुनाव होगा इसके बाद मैं चुनाव नही लड़ूँगी। रैली में मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रतिनिधि शम्भूनाथ पाण्डेय, महादेव मंडल, जीवन सोनी, राजेश सोनी, अंजू देवी, सीमा देवी, पिंकी देवी, गायत्री देवी, ममता देवी, सविता देवी, सुरेश कुमार दास, टेकलाल राम, सुनील कुमार, रामधन माली, नंदलाल पासवान, नारायण माली, रेणु देवी, कुमकुम देवी, अनिता देवी, सुमन देवी, नीरू देवी, रीता देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।







## तीसरे चरण का चुनाव प्रचार गया थम

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तीसरे चरण के मतदान के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है बता दें कि रविवार को तीसरे चरण के चुनाव प्रचार थम गया है वहीं रविवार को सभी प्रत्याशियों ने अपने चुनाव प्रचार जोरों शोरों से करके चुनाव बन्द कर दिया बता दें कि 24 मई को के 3 प्रखंडों में होने वाले मतदान जिसमें सरिया बिरनी राजधनवार में होना है। जिसके लिए पूरे प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहे हैं

## तीसरे चरण चुनाव को लेकर एसडीपीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत आगामी 24 मई को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है बिजनी प्रखंड अंतर्गत 28 पंचायतों में फूल 232 मुख्य प्रत्याशी है 218 पंचायत समिति सदस्य 638 वार्ड सदस्य तथा 16 जिला परिषद उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। बिरनी प्रखंड अंतर्गत आने वाले गांव को सरकार बनाने को लेकर प्रत्याशियों द्वारा अपनी दावेदारी जबरदस्त तरीके से पेश करते आ रहे हैं। जनता के संपर्क में लगे हैं। जिसे देखकर बिरनी प्रखंड अंतर्गत चुनावी चहल-पहल बढ़ गई है। दूसरी तरफ प्रशासन भी चुनाव को लेकर उनकी गतिविधियां भी तेज हो गई हैं ।जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिक. ारी को बिरनी प्रखंड के क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया ।सभी मतदान केंद्रों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी गतिविधि तेज कर दी गई है। 24 मई को होने वाले मतदान होना है जिसको लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम ने कहा कि सभी बूथों की निरीक्षण कर ली गई है। शांतिपूर्वक तरीके से मतदान कराने के लिए जिले से भी पुलिस बल तैनाती कर ली गई है। किसी भी तरह का शांति व्यवस्था में कोई खलल डालने का प्रयास भी होता है। तो उस से निपटाने के लिए हमारे पुलिस बल तैयार रहेंगे।

## फरार प्रेमी-प्रेमिका को बिरनी पुलिस ने हजारीबाग में दबोचा

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखण्ड के पलौंजिया में बीते मंगलवार को प्रेमी ने अपने नबालिग प्रेमिका को आधी रात में लेकर फरार हो गया था। प्रे. मिका के पिता रंजीत राम ने थाने में आवेदन देकर कुबरी टांड निवासी प्रेमी मुकेश चन्द्रवंसी, पिता शुकदेव रवानी पर अपहरण का मामला दर्ज किया था। बिरनी पुलिस ने मामले की छानबीन के लिए प्रेमी के दोस्तों को थाना बुलाकर जानकारी इकट्ठा किया परन्तु कोई खास कामयाबी नहीं मिला। मामले को देख रहे एसआई मुकेश दयाल सिंह ने अपने निजी सूत्रों के माध्यम से जानकारी जुटाने लगे। शुक्रवार को दोपहर मुकेश दयाल सिंह सिविल ड्रेस में निजी बोलोरो से हजारीबाग के लिए निकले । हजारीबाग पहुंचने पर ड्राइवर को नास्ता करने के लिए पैसा देते हुए कहा कि तुम नास्ता करो तब तक मैं आता हूँ। इसके बाद एसआई ने खुद ड्राइव करते हुए गाड़ी ले गए थोड़ी देर बाद ड्राइवर को फोन कर एक निजी ल०ज पर बुलाया जहां दोंनो प्रेमी जोड़े को बरामद किया गया। जिसके बाद प्रेमी-प्रेमिका मिलने की सूचना प्रेमिका के पिता को दिया गया। पूछे जाने पर प्रेमी मुकेश ने बताया कि हम दोनों अपने मर्जी से यहां आए हैं वहीं जिस ल०ज में वह रह रहा था वहां खाना बनाने से लेकर बिस्तर तक सभी व्यवस्था थी। यह सब व्यवस्था कहां से किया यह पूछने पर प्रमी ने कहा हम दोनों ने इसकी व्यवस्था खुद की है। बिरनी पुलिस ने प्रेमी को न्यायिक हिरासत के लिए गिरिडीह जेल भेज दिया वहीं प्रेमिका को मेडिकल के लिए गिरिडिह सदर अस्पताल भेजा गया। बता दें कि प्रेमी मुकेश चन्द्रवंशी प्रेमिका को ट्यूशन पढता था इसी दौरान दोनों की नजदीकियां बढ़ी और दोनों एक दूसरे से प्यार करने लगे।

## त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022कार्य में अनुपस्थित कर्मियों को नोटिस जारी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह, 22 मई 2022रू को त्रिस्तरीय पंचायत ( आम ) निर्वाचन- 2022 के प्रथम चरण का मतदान दिनांक 14.05.2022 को प्रखण्ड - गिरिडीह , गाण्डेय एवं जमुआ में निर्धारित था , जिसके लिए दिनांक 13.05. 2022 को पीठासीन पदा. धिकारी / प्रथम मतदान पदाधिकारी / द्वितीय मतदान पदाधिकारी / तृतीय मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त कर्मियों की गिरिडीह महाविद्यालय , गिरिडीह में उपस्थिति निर्धारित थी, जिसमें गिरिडीह प्रखण्ड से 54, गाण्डेय प्रखण्ड से 53 एवं जमुआ प्रखण्ड से 73 तथा कुल 180 कर्मी उप. स्थित नहीं हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, गिरिडीह के द्वारा निर्देश दिया गया है, कि ऐसे 180 कर्मियो की अनुपस्थिति चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में घोर लापरवाही का घोतक है। तथा जिला निर्वाचन पदा. धिकारी - सह - उपायुक्त, गिरिडीह द्वारा आदेश दिया गया कि ऐसे 180 अनुप. स्थित कर्मी तीन दिनो के अन्दर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करना सुनिश्चित करेगें, अन्यथा उनके विरूद्ध लोक प्रति. निधित्व अधिनियम 1951 के सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जाएगी।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आज से दूसरे चरण गांवा, तिसरी, देवरी एवं बेंगाबाद प्रखंड के मतों की गणना जारी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन , 2022 के निमित्त द्वितीय चरण में प्रखण्ड गावाँ , तिसरी , देवरी एवं बेंगाबाद के मतों की गणना आज से कृषि उत्पादन बाजार समिति , बिशुनपुर , पचम्बा , गिरिडीह में प्रारंभ हो चुका है। मतगणना केन्द्र में मतगणना के संबंध में सूचनाएँ प्रेस को उपलब्ध कराने एवं समन्वय हेतु मिडिया कोषांग का एक पण्डाल प्रशासनिक भवन के समीप बनाया गया है। मतगणना ह०ल से सूचनाएँ प्राप्त कर मिडिया को उपल. ब्ध कराने की जिम्मेवारी मिडिया कोषांग की है। अपर समाहर्त्ता , गिरिडीह को बाजार समिति , बिशुनपुर पचम्बा , गिरिडीह स्थित मतगणना केन्द्र के पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। मतगणना के निमित्त आवश्यक संख्या में गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों की प्रतिनियुक्ति का. र्मिक कोषांग द्वारा की गई है । अनुपस्थित गणना पर्यवेक्षक अथवा गणना सहायकों के स्थान पर सुरक्षित गणना पर्यवेक्षक / सहायक की प्रतिनियुक्ति का. र्मिक कोषांग द्वारा की जाएगी।गांवा प्रखंड के लिए ब्रजगृह प्रभारी बीडीओ, जमुआ, ब्रजगृह प्रभारी की सहायता के लिए लिपिक प्रखंड कार्यालय गांवा की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा गांवा, तिसरी एवं देवरी प्रखंड के जिला परिषद के निर्वाची पदाधिकारी के रूप में डायरेक्टर डीआरडीए एवं पंचायत समिति के सदस्य के लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ तथा मुखिया पद के लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में सीओ, तिसरी एवं गांवा प्रखंड के लिए मुखिया पद के लिए निर्वाची पदा. धिकारी के रूप में कार्यपालक दंडाधिकारी, खोरी महुआ तथा ग्राम पंचायत सदस्य के लिए निर्वाची पदा. धिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी, तिसरी एवं गांवा प्रखंड के ग्राम पंचायत सदस्य के लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में बीडीओ गांवा की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा मतगणना के लिए सहायक निर्वाची पदा. धिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें जिला परिषद सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी, गांवा, पंचायत समिति के सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में कार्यपालक दंडाधिकारी, खोरी महुआ, मुखिया पद के लिए सहायक निर्वाची पदा. धिकारी के रूप में कनीय अभियंता तथा ग्राम पंचायत सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदा. धिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसी प्रकार तिसरी प्रखंड के लिए ब्रजगृह प्रभारी सीओ, जमुआ, ब्रजगृह प्रभारी की सहायता के लिए लिपिक प्रखंड कार्यालय तिसरी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा मतगणना के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें जिला परिषद सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी, तिसरी, पंचायत समिति के सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में सीओ, तिसरी, मुखिया पद के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में पशु चिकित्सक, सहायक निबंधक सहयोग समितियां, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदा. धिकारी एवं कनीय अभियंता, लघु सिंचाई विभाग की प्रतिनियुक्ति की गई है। ’इसी प्रकार देवरी प्रखंड के लिए ब्रजगृह प्रभारी सहायक अभियंता, विशेष प्रमंडल, ब्रजगृह प्रभारी की सहायता के लिए श्री अभिषेक कुमार, प्रखंड कार्यालय, देवरी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा मतगणना के लिए सहायक निर्वाची पदा. धिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें जिला परिषद सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी, देवरी, पंचायत समिति के सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में सीओ, देवरी, मुखिया पद के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी एवं कनीय अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में पशु चिकित्सक पदाधिकारी एवं कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसी प्रकार बेंगाबाद प्रखंड के लिए ब्रजगृह प्रभारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, ब्रजगृह प्रभारी की सहायता के लिए प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय बेंगाबाद की प्रतिनियुक्ति की गई है। बेंगाबाद प्रखंड के जिला परिषद के निर्वाची पदाधिकारी के रूप में अपर समाहर्ता एवं पंचायत समिति के सदस्य के लिए निर्वाची पदा. धिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह तथा मुखिया पद के लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में सीओ, बेंगाबाद तथा ग्राम पंचायत सदस्य के लिए निर्वाची पदा. धिकारी के रूप में बीडीओ, बेंगाबाद की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा मतगणना के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें जिला परिषद सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेंगाबाद पंचायत समिति के सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में सीओ, बेंगाबाद, मुखिया पद के लिए सहायक निर्वाची पदा. धिकारी के रूप में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी एवं कनीय अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक एवं कनीय अभियंता, लघु सिंचाई विभाग की प्रतिनियुक्ति की गई है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिक. ारियों को निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित अधिक. ारियों द्वारा आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों एवं उपस्थित अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ब्रज गृह खोला जाएगा। ब्रज गृह प्रभारी उनके सहायता हेतु प्रतिनियुक्त कर्मी के सहयोग से फ्लो चार्ट के अनुसार चक्रवार मतपेतिक. ाओं को मतगणना ह०ल भ. ेजेंगे। मतगणना ह०ल में मत पेतिकाएं संबंधित गणना टेबल के पास रखा जाएगा। तत्पश्चात निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा नियमानुसार मतों की गणना प्रारंभ करवाया जाएगा। मतगणना ह०ल में पदवार कम्प्युटर अ०परेटर की प्रतिनियुक्ति एवं कम्प्युटर सेट ( प्रिंटर सहित ) संबंधित निर्वाची पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। गणना कर लिए गये मतपत्रों को सीलिंग आदि कार्य हेतु संबंधित निर्वाची पदाधिकारी अपने स्तर से कर्मी एवं अनुसेवकों की प्रतिनियुक्ति कर लेंगे एवं अपने पर्यवे में कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। गणना हेतु सभी आवश्यक सामग्रियों एवं प्रपत्र सामग्री कोषांग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। मतगणना आवश्यकतानुसार मजदूरों की उपलब्धता निर्वाचन कोषांग द्वारा सुनिश्चित जाएगी। सभी पदाधिकारी मतगणना केन्द्र के लिए प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक के पर्यवेक्षण में मतगणना कार्य सम्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे।

## बाबा बराकर शिव धाम मंदिर के अंदर नाग घुसा

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह सदर प्रखंड के बाबा बराकर शिवधाम मंदिर के अंदर लगभग 2 मीटर लंबा नाग मंदिर के अंदर मिला।यह जानकारी मंदिर के पुजारी सुनील पांडेय ने दी।रोजाना सुबह की तरह शिव भक्त पूजा करने के लिए बराकर धाम का पट खोला तो पंडित ने देखा कि एक नाग मंदिर के अंदर देखा गया जो शिवलिग पर बैठा था।फिर हो हल्ला होने पर गांव के आस पास के लोग देखने जुट गए गांव के लोग तरह तरह की बाते करने लगे।सभी डरे थे कि अब किया होगा।फिर ग्रमीण के सहयोग से नाग को मंदिर से बहुत ही मेहनत से बाहर किया गया।नाग को मारा नही गया।उसे छोड़ दिया गया फिर सांप जंगल की तरफ चला गया ।जिससे उनकी जान बची।और शिव भक्त पूजा करने लगा।। मौके पर मंदिर के पुजारी सुनील पांडेय, अभिषेक पांडेय,अजीत पाण्डेय, शंकर केशरी, चेतलाल साव,दिलीप साव आदि उपस्तित थे

## गर्मी से गिरीडीह मुफ्फसिल के लोगो को मिली राहत

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में बदडीह, चमरखो, बंदरकुप्पी, बराकर,के आस पास आज मूसलाधार बा. रिश हुई।लगभग 1 घंटे बारिस होती रही जिससे लगातार गर्मी का पारा चढ़ा था।लोग काफी परेशान नजर आ रहे थे।जिससे लोगो को गर्मी से बहुत रहात मिली।आज सुबह से बहुत गर्मी किया हुआ था पारा 40 डिग्री के पर था। लोग घर के अंदर दुबके हुए। सड़के खाली वीरान नजर आते थे।लेकिन शाम को मौसम ने करवट ली जोरो से अंधी तूफान आया और शाम को जोर से मूसलाधार बारिश हुई।जिससे मुफ्फसिल के लोगो और किसानों को खुशी भी हुई अब किसान खेत अपना जा कर खेती कर सकते है कुछ किसानों का कहना है कि खेत मे पानी जरूरी चाहिये जिससे लोगे को पानी मिल गया और लोगो को गर्मी से रहात भी मिली।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022के मतगणना स्थल पर पहुंचे आला अधिकारी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला के चार प्रखंडो में हुई त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण की मतदान की मतगणना आज रविवार सुबह आठ बजे से कृषि उत्पादन बाजार समिती बिशुनपुर पचम्बा गिरिडीह में चल रही है। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। चाक चौबंद व्यवस्था के साथ मतगणना चल रही है। आज मतगणना स्थल पर गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक अमित रेणु, एसडीओ विशालदीप खलको, डीएसपी संजय राणा सहित कई अन्य आला अधिकारियों ने पहूंच कर चल रही मतगणना का जायजा लिया। तेज गर्मी और कड़ी धूप होने के कारण मतगणना कार्य में शिथिलता नज़र आई। विज्यी प्रत्याशीयों को जीत का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए घंटो इंतजार करना पड़ा। सबसे ज्यादा महिला प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र लेने में परेशानी उठानी पड़ी

## सड़क निर्माण में भारी अनियमितता उप नगर आयुक्त ने दी जांच का आदेश

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह : नगर निगम के निर्माण कार्यों में अनियमितता बरतना यह कोई नई बात नही है।. निगम क्षेत्रों में पीसीसी,नाली या सड़क निर्माण हो साल छः महीने में गड्ढा हो जाना टूट जाना और पूणरू उसी पर निर्माण कार्य कर दिखाकर योजनाओं को पूर्ण माना जाना यह आम बात है। इसी कड़ी में चल रहे निर्माण कार्य 15 वित्त आयोग की राशि (38 लाख) से बरगंडा से लेकर पावर हाउस मोड़ तक बने सड़क निर्माण कार्य में हुए गड़बड़ी को लेकर हंगामा हुआ है. 38 लाख के लागत से नए सड़क के साथ नाली निर्माण का भी कार्य होना था, लेकिन ठे. केदार द्वारा नाली का निर्माण नहीं किया गया है. इतना ही नहीं पूरे रोड में पहले से बिछे पुराने पैबर ब्लॉक को उखाड़ कर ठेकेदार ने शहर के दुसरे पैबर ब्ल०क निर्माण कार्य में लगा दिया। शहर के स्टेशन रोड के प्रधान गुरुद्वारे के समीप जिस रोड के किनारे पुराने पैबर ब्ल०क को लगाया, उसकी गुणवत्ता भी जांच के दायरे में है. पुराने पैबर ब्ल०क लगाने का कार्य जिला पर्षद द्वारा कराया गया. जिसका भुगतान भी जिला पर्षद द्वारा निगम के इसी ठेकेदार को कर दिया गया. मामला सामने आने पर निगम के एक वार्ड पार्षद रंजीत यादव ने मामले को उठाया. हालांकि वर्ष 2020 के इस योजना को किस ठेकेदार ने कार्य किया है, यह स्पस्ट नहीं हो पाया. मामले में निगम के सहायक अभियंता सोमा उरांव ने ठेकेदार के द्वारा किए गए बरगंडा से लेकर पावर हाउस मोड़ तक के सड़क निर्माण कार्य को सही बताया है. इधर वार्ड पार्षद द्वारा मामला उठाने के बाद उप नगर आयुक्त स्मृति कुमारी ने गंभीरता से लेते हुए जांच कराने का निर्देश दिया है. तीन दिन के अंदर जांच रिपोर्ट देने का बात कही है. साथ ही ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाया गया है.

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना में कई जीते कई हारे

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 को लेकर गिरिडीह में मतगणना स्थल कृषि उत्पादन बाजार समिति विशुनपुर पचंबा में समर्थकों की भीड़ उमड़ती रही ।मतगणना के दुसरे चरण का पहला दिन मतगणना को लेकर अपने अपने पंचायत के समर्थक दिन भर भागदौड़ करते दिखे । जिला प्रशासन ने मतगणना शांति प्रिय एवं नियमित ढंग से हो इसके लिए मुकम्मल तैयारी कर रखी थी। । मीडिया कोषांग के अनुसार जिले के देवरी प्रखंड के खटौरी पंचायत से तनुजा मरांडी , पंचायत समिति सदस्य रूपेश कुमार यादव , तिसरी प्रखंड के थान. सिंनडीह से मुखिया रोहिता देवी , पंचायत समिति सदस्य राजकुमार यादव , पंचायत समिति-2 से मनोज सोरेन, बेंगाबाद प्रखंड के बदवारा पंचायत से मुखिया अनिता कुमारी, ,गोलगो पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी , लछुआडीह पंचायत से पंचायत समिति सदस्या जया देवी , भल. कुदर से मुखिया भैया लाल मुर्मू , देवरी प्रखंड के चिकनाडीह पंचायत से मुखिया गीता देवी , पंचायत समिति सदस्य रामजी यादव , पंचायत समिति सदस्य अख्तर अंसारी , जमखोखरो पंचायत से मुखिया जितेंद्र कुमार उर्फ भानु शर्मा , जिला परिषद भाग संख्या -5 से संजु देवी पति दिनेश कुमार राणा विजय घोषित किए गए। समाचार लिखे जाने तक मतगणना का कार्य जारी था गौरतलब रहे कि दुसरे चरण में गिरिडीह जिला के देवरी , तिसरी एवं बेंगाबाद प्रखंड में मतदान हुआ था । जिसका मतगणना रविवार से प्रा. रंभ हुआ है ।